Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

Title: Situation arising out of non-payment of wages to the workers of Hindustan Cables, Allahabad.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण सवाल की ओर आकर्ति करना चाहता हूं।

श्री रेवती रमन सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकर्ति करना चाहता हूँ। महोदय, नैनी, इलाहाबाद में हिन्दुस्तान केबिल फैक्ट्री लगी हुई है जिसमें 210 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को पिछले सात-आठ महीनों से वेतन नहीं मिला । वे भुखमरी की कगार पर हैं, उनके बच्चों को स्कूल की फीस नहीं मिल पा रही है और मैडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह ऑप्टिकल फाइबर बनाने की पब्लिक सैक्टर की देश की एकमात्र फैक्ट्री है। ऑप्टिकल फाइबर की इतनी ज्यादा डिमान्ड है कि अगर इस कंपनी को मात्र 27-28 करोड़ रूपए और दे दिए जाएं तो इसका पूरी तरह आधुनिकीकरण हो जाएगा और इसे बीएसएनएल या रेलटेल के साथ मर्ज कर दिया जाए। मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ कि इन कर्मचारियों को तत्काल वेतन दिलाया जाए ताकि वे भुखमरी का शिकार न हो सकें।

MR. SPEAKER: I am sure the Government will look into it.

श्री लालमणि प्रसाद (बस्ती) : महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

SHRI KHARABELA SWAIN : Sir, I am not going to demand money for MPLAD.… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: One Member is speaking. The House has never remained quiet as if there is no business before the House. An hon. Member is speaking. He is also entitled to raise issues.